
## राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से देवनानी की शिष्टाचार भेंट

**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को लोकभवन, जयपुर में शिष्टाचार भेंट की। एक घंटे से अधिक समय तक हुई इस मुलाकात में विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से आगामी 28 जनवरी से शुरू होने वाले राज्य विधानसभा सत्र, राज्यपाल के अभिभाषण और अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की। विधानसभाध्यक्ष देवनानी ने राज्यपाल बागडे को फूलदान (फ्लोवर पोट) भेंट किया और नव वर्ष 2026 की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। राज्यपाल बागडे ने भी विधानसभाध्यक्ष देवनानी को पुष्प गुच्छ भेंट कर और शॉल ओढाकर वर्ष 2026 की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

बागडे को विधानसभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित वर्ष 2026 के कैलेण्डर्स भी भेंट किए। ये कैलेण्डर राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् की 150 वी जयन्ती को समर्पित किये गये है। देवनानी ने राज्यपाल बागडे को स्वलिखित पुस्तक'' सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि'' की एक प्रति भी भेंट की। राज्यपाल बागडे ने इन कैलेण्डर्स और पुस्तक की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।



**जयपुर।** जयपुर में पहली बार आर्मी एरिया से बाहर आयोजित हो रही सेना दिवस परेड को लेकर शुक्रवार को पहली फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। जगतपुरा स्थित महल रोड पर हुई फुल ड्रेस रिहर्सल से पहले सेना के बैंड ने परफॉर्मेंस दी। रिहर्सल में सेना की अलग-अलग ताकतों का प्रदर्शन किया गया। रिहर्सल में सबसे पहले सेना के गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित ऑफिसरों ने परेड कमांडर को सलामी दी। अशोक चक्र, परमवीर चक्र और महावीर चक्र से सम्मानित ऑफिसरों ने परेड का नेतृत्व किया। उनके पीछे आर्मी बैंड और घुड़सवार कदमताल करते हुए आगे बढ़ते नजर आए। इसके बाद सेना की मॉडर्न टेक्नोलॉजी वाली मिसाइलों, मशीनगन, हथियारों, टैंक और व्हीकल का प्रदर्शन किया गया। ऑपरेशन सिंदूर की झांकी में रोबोटिक डॉग्स और ब्रह्मोस मिसाइल का प्रदर्शन किया गया। आर्मी के स्वदेशी नस्ल के डॉग्स ने भी परेड की। इस दौरान चश्मा लगाए मुधोल हाउंड डॉग्स ने सबका ध्यान खींचा। तेज सर्दी के बाद भी बड़ी संख्या में लोग आर्मी की फुल ड्रेस रिहर्सल देखने के लिए पहुंचे थे। रजिस्ट्रेशन कराने वाले लोगों के पहुंचने का समय सुबह 8:45 बजे तक रखा गया था। सुरक्षा कारणों से रिहर्सल शुरू होने के बाद किसी को भी बीच में आने या कार्यक्रम समाप्त होने से पहले स्थान छोड़ने की अनुमति नहीं थी।

## महिला का मंगलसूत्र काटने वाली शिकारी गैंग का भंडाफोड़

**जयपुर।** शहर में ई-रिक्शा में सवार महिलाओं को बातों में उलझाकर गले से मंगलसूत्र काटने वाली शिकारी गैंग का गलता गेट थाना पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी युवती को गिरफ्तार कर चोरी किया गया मंगलसूत्र बरामद कर लिया है। फिलहाल आरोपित युवती से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा में सवार महिलाओं को बातों में उलझाकर गले से मंगलसूत्र काटने वाली शिकारी गैंग की एक शातिर युवती शिवानी शिकारी (19) निवासी दिल्ली बाईपास रोड गलता गेट को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित युवती के कब्जे से सोने जैसी धातु का चोरी किया गया मंगलसूत्र बरामद किया गया है। यह गैंग ई-रिक्शा में सवार महिलाओं के पास बैठकर बातचीत में उलझाती है और ध्यान भटका कर गले में पहने आभूषण चोरी कर लेती है। थानाधिकारी धर्म सिंह ने बताया कि छह जनवरी को जवाहर नगर निवासी 26 वर्षीय गुड्डू कंवर ने मामला दर्ज करवाया बैटरी ई-रिक्शा में बैठीं। अचानक उनके गले से मंगलसूत्र के मोती गिरने लगे। तभी उन्हें अहसास हुआ कि मंगलसूत्र काट लिया गया है।

## सार-समाचार

### 'पोएट्रीकलेक्शन ओल्डर,बोल्डर' पुस्तक का विमोचन



**जयपुर।** हिंदी सिनेमा की प्रख्यात अभिनेत्री ज़ीनत अमान होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित होने वाले बहुप्रतिक्षित जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) में 15 जनवरी, गुरुवार को इतिहासकार, होटेलियर और लेखक अमन नाथ की पोएट्री कलेक्शन ओल्डर,बोल्डर पुस्तक का विमोचन करेंगी। यह सत्र फ्रंट लॉन में शाम 6 बजे से आयोजित होगा, जिसमें लेखक अमन नाथ अपनी पुस्तक पर रवि सिंह के साथ संवाद करेंगे। सौंदर्य और बुद्धि के अलावा अब इस सत्र के दौरान जयपुर में अमान (विश्वास) और अमन (शांति) का भी मिश्रण देखने को मिलेगा। ज़ीनत अमान विशेष रूप से इस अवसर के लिए जयपुर आएंगी और संभावना है कि वे पुस्तक की एक-दो कविताओं का पाठ भी करेंगी। पुस्तक का शीर्षक ओल्डर,बोल्डर कवि की बेझिझक अभिव्यक्ति को दर्शाता है, जहां संकोच टूट जाता है और कविताएं सशक्त चित्रों, सरल शब्दों और गहरी भावनाओं के साथ सामने आती हैं। इस संग्रह की रचनाओं में उम्र का अनुभव है, लेकिन युवावस्था की ताज़गी और ऊर्जा भी बनी रहती है। प्रेम, चाह, हास्य और जीवन की सच्चाइयों से भरी ये कविताएं आज की कविता का नया स्वरूप प्रस्तुत करती हैं।

### त्रिवेणी जल का पूजन, वितरण 12 को

**जयपुर।** प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर चल रहे माघ मेला के पावन अवसर पर गोविंद देवजी मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए विशेष धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। जो श्रद्धालु प्रयागराज जाकर स्नान नहीं कर पा रहे हैं, उनके लिए मंदिर प्रबंधन द्वारा त्रिवेणी संगम का पवित्र जल जयपुर मंगवाया गया है, जिससे श्रद्धालु घर बैठे त्रिवेणी संगम स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त कर सकेंगे। रविवार को गोविंद देवजी मंदिर परिसर में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सानिध्य में त्रिवेणी जल से पूरित कलश का विधिवत पूजन किया जाएगा। गंगा-यमुना-सरस्वती का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भावपूर्ण आव्हान कर षोडशोपचार पूजन संपन्न होगा। महायज्ञ में बैठने वाले श्रद्धालुओं पर त्रिवेणी जल से अभिसिंचन किया जाएगा। नि:शुल्क आयोजित इस महायज्ञ में सभी श्रद्धालु आहुतियां प्रदान कर सकेंगे। स्वामी विवेकानंद जयंती पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में युवाओं पर केंद्रित विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### सिटी पैलेस में पीडीकेएफ आर्टिजंस कलेक्टिव का दूसरा संस्करण



**जयपुर।** प्रिंसेस दिया कुमारी फाउंडेशन (पीडीकेएफ), जयपुर की प्रिंसेस गौरवी कुमारी के नेतृत्व में, पीडीकेएफ आर्टिजंस कलेक्टिव के दूसरे संस्करण का आयोजन करने जा रहा है। यह महिलाओं के नेतृत्व वाले शिल्प और उद्यिमता का तीन दिवसीय उत्सव होगा, जो 23 से 25 जनवरी 2026 तक जयपुर के सिटी पैलेस में आयोजित किया जाएगा। मार्च 2025 में आयोजित अपने पहले संस्करण की ज़बरदस्त सफलता के बाद, जिसका उद्घाटन पूर्व शिक्षा मंत्री एवं केंद्रीय वस्त्र मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा किया गया था। यह कलेक्टिव एक राष्ट्रीय मंच के रूप में स्थापित हुआ, जो महिला कारीगरों, उनकी विरासत में मिली शिल्प परंपराओं और आधुनिक समय में इन परंपराओं को आगे बढ़ाने के तरीकों का उत्सव मनाता है। पहले संस्करण में 10 राज्यों से 35 से अधिक महिला कारीगरों ने भाग लिया, जिन्हें व्यापक पहचान, सार्थक संपर्क और अपने शिल्प को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार देने के अवसर प्राप्त हुए। इस उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए, 2026 का संस्करण 20 राज्यों से 70 से अधिक महिला कारीगरों की मेज़बानी करेगा, जो 40 से अधिक शिल्प विधाओं का प्रदर्शन करेंगी। विरासत, रचनात्मकता और महिला-नेतृत्व वाली उद्यिमता के अनूठे संगम के साथ, पीडीकेएफ आर्टिजंस कलेक्टिव यह निरंतर सुनिश्चित कर रहा है कि शिल्प, संस्कृति और सशक्तिकरण किस तरह एक-दूसरे से जुड़े रहें, और इसी कारण यह भारत के सांस्कृतिक कैलेंडर के सबसे प्रतीक्षित आयोजनों में से एक बन गया है।

### पतंग महोत्सव मनाया




**जयपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले टर्मिनल मार्केट में जयपुर फल व सब्जी थोक विक्रेता संघ के तत्वाधान में पतंग महोत्सव 2026 धूमधाम से मनाया गया। संघ के अध्यक्ष योगेश तंवर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी आयोजन में मंडी में कार्यरत सभी वर्गों ने आढ़तियां व्यापारी मंडी समिति पदाधिकारी, कर्मचारी, माशाखोर और मजदूरो ने मिल जुलकर पतंगोत्सव का आनंद पतंगें उड़ा एवं सहभोज करके उठाया। तंवर ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मंडी एकता द्रविडीकरण सामाजिक सौहार्द एवं संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देना है। सभी प्रतियोगी टीमों को स्वर्गीय राहुल तंवर पूर्व मंडी अध्यक्ष की स्मृति में ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। आने वाले अतिथियों का स्वागत इमरान कुरैशी उपाध्यक्ष एवं इंदर सैनी महामंत्री ने दुपट्टा पहनाकर किया। सर्वश्रेष्ट पतंगबाजी टीम वसीम अनबिटन क्लब को विजेता की ट्रॉफी दी गई। कार्यक्रम में मंडी सचिव मोहनलाल जाट एवं दिलीप सिंह अतिरिक्त सचिव रमेश इनानी ने शिरकत कर प्रतिभागियों में जोश का संचार किया।

### कानोता एवं सांगानेर में बिजली चोरी के 11 मामले पकड़े

**जयपुर।** जयपुर डिस्कॉम की सतर्कता शाखा ने शुक्रवार को कानोता एवं गुरुवार को सांगानेर क्षेत्र में बिजली चोरी के 11 मामले पकडे और इनमें करीब 18 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) महेन्द्र कुमार शर्मा एवं अधीक्षण अभियंता (सतर्कता) बी.एल.शर्मा ने बताया कि कानोता के जीतावाला में एक ईंट भट्टे की जांच की गयी, जिसमें निगम की एलटी लाईन में समानान्तर अवैध केबल जोडकर विद्युत चोरी की जा रही थी, जिसकी वीसीआर भरी गई और 5 लाख 72 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसी दौरान कानोता के साबरिया रोड पर गायत्री एनक्लेम, सिद्धी विनायक विस्तार, आंगन विहार व देवा की ढाणी में 5 आवासीय परिसरों में भी विद्युत चोरी पायी गयी, जिसपर वीसीआर भरकर 3 लाख 98 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। सांगानेर क्षेत्र में 5 अलग-अलग परिसरों में सतर्कता जाँच की गई जिनमें 4 घरेलू एवं एक अघरेलू उपभोक्ता पोल से सीधा अवैध तार जोड़कर मीटर को बाईपास करके बिजली चोरी करते हुए पाए गए।

### शिवदासपुरा से बदलेगा प्रदेश का शहरी विकास

**जयपुर।** जयपुर के सुनियोजित विकास की दिशा में जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने एक नई पहल की है। राज्य की जेडीए की पहली लैंड पूलिंग योजना के सफल क्रियान्वयन के बाद जेडीए अब अन्य विकास प्राधिकरणों और नगर विकास न्यासों के लिए रोल मॉडल बनकर उभरा है।इसी कड़ी में शुक्रवार को जेडीए के मंथन सभागार में एक विशेष ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जयपुर मॉडल को प्रदेश के अन्य जिलों के अधिकारियों के साथ साझा किया गया।जयपुर के सुनियोजित विकास की दिशा में जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने एक नई पहल की है।

## 'पूर्व जयपुर राजपरिवार से जुड़े संपत्ति विवाद में हाईकोर्ट मेरिट पर तय करे जेडीए की अपील'

■ जयपुर के पूर्व राजपरिवार की चार सौ करोड रुपए की संपत्ति विवाद मामले में हाईकोर्ट के गत 15 सितंबर के आदेश को रद्द कर दिया

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने जयपुर के पूर्व राजपरिवार की हथरोई के पास करीब चार सौ करोड रुपए की संपत्ति विवाद मामले में हाईकोर्ट के गत 15 सितंबर के आदेश को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने हाईकोर्ट को कहा है कि वह जेडीए की अपील को बहाल कर उसे चार सप्ताह में मेरिट के आधार पर तय कर उसकी पालना रिपोर्ट पेश करे। जस्टिस जेबी पादरीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने यह आदेश जेडीए की एसएलपी पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि इतने बडे सार्वजनिक हित से जुड़े विवाद को तकनीकी आधार पर खारिज करना उतिच नहीं है। अपीलीय स्तर पर सुनवाई के बिना निचली अदालत के आदेश को अंतिम मान लेना न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है।

एसएलपी में राज्य सरकार और जेडीए की ओर से एएजी शिवमंगल शर्मा ने कहा कि मामले में सार्वजनिक स्वामित्व, पूरे हो चुके भूमि अधिग्रहण, राजस्व रिकॉर्ड और संवैधानिक प्रतिबंध जैसे गंभीर प्रश्नों पर अपीलीय समीक्षा जरूरी थी। इसके बावजूद हाईकोर्ट ने केवल तकनीकी रूप से अपील को खारिज कर दिया। हालांकि अदालत ने मामले में जेडीए पर पचास हजार रुपए की कास्ट भी लगाई है।

मामले के अनुसार साल 2005 में जयपुर के पूर्व राजपरिवार ने सिविल कोर्ट में दावा किया कि यह भूमि उनकी निजी संपत्ति है और 1949 में जयपुर रियासत के भारत संघ में विलय के समय हुए समझौते के तहत मान्यता प्राप्त निजी संपत्ति का हिस्सा है।

## 'कांग्रेस का 45 दिन का अभियान झूठ बोलो और राजनीति करो का अभियान'

■ राठौड़ ने कहा कि हकीकत यह है कि वीबी जी राम जी के तहत मनरेगा को और अधिक सशक्त, पारदर्शी और मजदूर हितैषी बनाया गया है

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं कांग्रेस के अन्य नेताओं द्वारा वीबी-जी राम जी को लेकर जनता के बीच जानबूझकर भ्रम फैलाया जा रहा है। कांग्रेस की यह राजनीति न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि ग्रामीण मजदूरों, किसानों और गरीब परिवारों के हितों के साथ खुला खिलवाड़ भी है। डोटासरा द्वारा जिस तथाकथित 45 दिन के अभियान की घोषणा की जा रही है, वह वास्तव में झूठ बोलो, भ्रम फैलाओ और राजनीति करो का अभियान है। कांग्रेस को समझना चाहिए कि झूठ के सहारे लंबे समय तक जनता को गुमराह नहीं किया जा सकता। डोटासरा और गहलोत को इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना राजनीति से बचना चाहिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस यह प्रचार कर रही है कि वीबी जी राम जी लागू होने से ग्रामीण रोजगार व्यवस्था समाप्त हो जाएगी, मजदूरी मिलने में दिक्कत आएगी और नई प्रणाली से गड़बड़ियाँ बढ़ेंगी। यह सब सरासर झूठ है। सच्चाई यह है कि कांग्रेस जनता को गुमराह कर अपनी राजनीतिक जमीन बचाने की असफल कोशिश कर रही है।

राठौड़ ने कहा कि हकीकत यह है कि वीबी जी राम जी के तहत मनरेगा को और अधिक सशक्त, पारदर्शी और मजदूर हितैषी बनाया गया है। काम के दिनों को 100 से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पहले से अधिक बढ़े हैं। किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 60 दिन का कृषि ब्रेक दिया गया है, ताकि खेती और मजदूरी के बीच बेहतर तालमेल स्थापित हो सके। मजदूरों को समय पर उनका मेहनताना मिले, इसके लिए हर सप्ताह मजदूरी भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इससे मजदूरों को साहूकारों के चंगुल से मुक्ति मिलेगी और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि वीबी जी राम जी में बायोमेट्रिक हाजिरी और एआई आधारित निगरानी प्रणाली लागू कर फर्जी हाजिरी, दलालों और भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगाई गई है। जो लोग वर्षों तक मनरेगा में भ्रष्टाचार से लाभ उठाते रहे, उन्हें यह पारदर्शी व्यवस्था रास नहीं आ रही है, इसलिए वे इसका विरोध कर रहे हैं। वीबी जी राम जी पूरी तरह देशहित, मजदूर हित और किसान हित में है। यह योजना गरीबों के अधिकारों को सुरक्षित करने, वास्तविक जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचाने और सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

## सीएसटी ने शातिर वाहन चोर को किया गिरफ्तार

**जयपुर।** कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (क्राइम ब्रांच सीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए प्रताप नगर इलाके से शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की स्कूटी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ सोडाला इलाके में कई मुकदमे दर्ज है और आरोपी वहां से वांछित चल रहा है। पुलिस उपायुक्त (अपराध ) अभिजीत सिंह ने बताया कि चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस पर टीम ने तकनीकी संसाधन व मुखबिर की सूचना पर शातिर वाहन चोर अर्जुन जोगी निवासी बहरोड हाल प्रताप नगर को गिरफ्तार किया । पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की स्कूटी बरामद की है।

गिरफ्तार अभियुक्त अर्जुन जोगी मारपीट,अवैध शराब बेचने व हत्या जैसे मामले में जेल जा चुका है। बताया जा रहा कि अर्जुन इतना शातिर है कि वो अपनी पहचान छुपाने के लिए चोरी के वाहनों का इस्तेमाल करता है।

## चोरी करने वाला एक शातिर चोर चढा पुलिस के हत्थे

**जयपुर।** कालवाड थाना पुलिस ने चोरी की वारदात का महज 24 घंटे में पर्दाफाश करते हुए शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से चोरी की वारदात में शामिल और अन्य वारदातों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम हनुमान प्रसाद ने कालवाड थाना पुलिस ने चोरी की वारदात का महज 24 घंटे में पर्दाफाश करते हुए शातिर चोर हर्षिल नागलिया उर्फ बंटी निवासी हाथोज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से चोरी की रकम व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त स्मैक पीने का आदि है। नशे की पूर्ति के लिए आरोपी रात को सुनसान मकानों व दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम देता है और इसके खिलाफ पूर्व में भी कई चोरी के मामले दर्ज है।

## मुख्यमंत्री ने आरपीए में समारोह स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों को दिया अंतिम रूप

■ केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में नव चयनित आरक्षकों को मिलेंगे नियुक्ति पत्र

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को राजस्थान पुलिस अकादमी पहुंचे। उन्होंने केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में शनिवार को आयोजित होने 'आरक्षक नव नियुक्ति समारोह' की तैयारियों का जायजा लिया तथा पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। शर्मा ने समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उल्लेखनीय है कि 10 जनवरी को आरपीए में केन्द्रीय गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री की उपस्थिति में राजस्थान पुलिस में नव चयनित आरक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित पुलिस के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आयोजित होने 'आरक्षक नव नियुक्ति समारोह' की तैयारियों का जायजा लिया

## 'सहकार से समृद्धि पर' सहकारिता मंत्रालय की दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस सम्पन्न

**उदयपुर/जयपुर।** सहकारिता क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा लेक सिटी उदयपुर में आयोजित की जा रही राष्ट्रीय स्तर की कॉन्फ्रेंस का शुक्रवार को समापन हो गया। इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के अंतर्गत 12 सत्रों में सहकार से समृद्धि की पहलों की समीक्षा गई तथा भविष्य के रोडमैप पर मंथन किया गया।

कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र को पारंपरिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ाकर एक मजबूत, पेशेवर और व्यावसायिक मॉडल के रूप में विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में हुई गहन चर्चाओं, प्रजेंटेशन और फीडबैक सत्रों को अत्यंत उपयोगी बताया। डॉ. भूटानी ने कहा कि पैक्स सहकारी व्यवस्था की रीढ़ है, इनके कम्प्यूटरीकरण व डिजिटलीकरण से पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित होगी।

सहकारिता मंत्रालय के सचिव ने अनाज भंडारण को मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि सहकारिता के माध्यम से विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना पर कार्य किया जा रहा है। योजना के तहत सितंबर, 2026 तक 5 लाख मीट्रिक टन और सितंबर, 2027 तक 50 लाख मीट्रिक टन क्षमता वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने निर्धारित समय में तय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए नियमित निगरानी पर भी बल दिया। डॉ. भूटानी ने सहकारी समितियों में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के तहत नियमों के सरलीकरण, सदस्यता बढ़ाने, बेस्ट प्रेक्टिसेज के आदान-प्रदान पर जोर देते हुए 'भारत टैक्सी' जैसी नई पहलों का भी उल्लेख किया।

## केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने राजस्थान टेक्सटाइल पॉलिसी की सराहना की

■ दो-दिवसीय सम्मेलन में देश भर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कपड़ा मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी कपड़ा क्षेत्र के भविष्य के रोडमैप पर चर्चा करने के लिए जुटे हैं

**जयपुर।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने असम के गुवाहटी में आयोजित राष्ट्रीय कपड़ा मंत्रियों के सम्मेलन में कहा कि राजस्थान सरकार ने टेक्सटाइल क्षेत्र के विकास और निवेश के लिए एक पॉलिसी बनाई है, अन्य राज्य भी इस तरह का रोडमैप तैयार करें। इससे पूर्व जब उनको राजस्थान टेक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी-2025 की प्रति दी गई, तो उन्होंने इस नीति सराहना की।

इस दो-दिवसीय सम्मेलन में देश भर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कपड़ा मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भारत के कपड़ा क्षेत्र के भविष्य के रोडमैप पर चर्चा करने के लिए जुटे हैं। इसमें राजस्थान सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई के नेतृत्व में शामिल हुआ है, जिसमें वरिष्ठ अतिरिक्त आयुक्त एसएस शाह सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं।



केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह असम के गुवाहटी में आयोजित राष्ट्रीय कपड़ा मंत्रियों के सम्मेलन में शामिल हुए।

इस सम्मेलन में वस्त्र मंत्रालय ने राजस्थान सहित 15 राज्यों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। वस्त्र मंत्रालय और संबंधित राज्य सरकारों के बीच हस्ताक्षिरत समझौता ज्ञापन ''वस्त्र केंद्रित अनुसंधान, मूल्यांकन, निगरानी, योजना और स्टार्ट-अप (टेक्स-आरएएमपीएस)'' योजना का हिस्सा हैं। केंद्र सरकार की यह योजना वस्त्र संबंधी सांख्यिकीय उत्पादों और अनुसंधान की व्यापकता, गुणवत्ता, समयबद्धता और विश्वसनीयता में सुधार लाने के लिए बनाई गई है। इन समझौता ज्ञापनों के माध्यम से विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वस्त्र संबंधी डेटा प्रणालियों को सुदृढ़ करने के लिए एक मजबूत परिचालन ढांचा तैयार किया गया है। टेक्स-आरएएमपीएस योजना के तहत, यह पहल क्लस्टर और जिला स्तर पर सीधे प्रयास केंद्रित करके थकरघा, हस्तशिल्प, परिधान, तकनीकी वस्त्र आदि सहित प्रमुख क्षेत्रों के लिए एकीकृत योजना को बढ़ावा देती है।

इन संरचनात्मक सुधारों में सहयोग देने के लिए वस्त्र मंत्रालय प्रत्येक राज्य को प्रतिवर्ष 12 लाख रुपये का वित्तीय अनुदान प्रदान कर रहा है।

## हार्डवेयर की दुकान में लगी भीषण आग

**जयपुर।** रामगंज थाना इलाके में गुरुवार देर रात अचानक से हार्डवेयर की दुकान में भीषण आग लग गई। जिसके बाद घटना स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दमकल विभाग की सहायता से आग पर काबू पाया। लेकिन जब तक दुकान में रखा लाखों रुपयों का सामान आग की भेंट चढ़ गया और जल कर राख हो गया। एसीपी (रामगंज) आदित्य पूनिया ने बताया कि थाना इलाके में स्थित चार दरवाजा के पास इरफान की हार्डवेयर की दुकान है। गुरुवार रात करीब 9 बजे के आसपास इरफान दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। तभी करीब सवा 10 बजे के आसपास दुकान में शटर के नीचे से धुआं निकलता हुआ दिखाई दिया। तभी कुछ ही आग ने विकराल रुप धारण कर लिया ओर आग की लपेटे निकलने लगी। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत घटना की जानकारी फायर बिग्रेड को दी।